# फेस्टिवल के साथ फजीहतों का दौर शुरू हुआ

आज से श्रावण मास शुरू, अगले 6 महीनों तक त्यौहारों का दौर रहेगा लेकिन सड़कें कीचड़ से सनी

**श्रावण मास के साथ वर्ष भर रहेंगे त्यौहार, लेकिन शहर में कीचड़ वाली सड़कों से दर्शन करने मंदिर जाना होगा**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 30 जुलाई, का. आज से त्यौहारों का मौसम शुरू हो चुका है. श्रावण माह का पहला दिन आज है और इसी के साथ धार्मिक उत्सवों का छः मासी अनुष्ठान प्रारंभ हो चुका है. आने वाले दिनों में श्रावण मास के सोमवार श्रद्धालुओं द्वारा उत्सव के रूप में मनाए जाएंगे और इसके बाद गणेश चतुर्थी, हरियाली अमावस्या, जन्माष्टमीं, डोल ग्यारस, श्राद्धपक्ष और नवरात्रि विशेष रूप से प्राथमिकता में रहेंगे.**

लेकिन इस फेस्टिवल सीजन के साथ ही फजीहत का सीजन भी शुरू हो चुका है. नगर के प्रमुख मंदिरों की ओर जाने वाले अधिकांश मार्गों की हालत बेहद खराब है. गड्ढों में मिट्टी और उसके बाद कीचड़ पसर चुका है. शहर की प्रमुख सड़कें जो मंदिरों की ओर जाती है वे दुरूस्त नहीं है. ऐसे में धर्म की वेणु पर जाते समय लोगों को जिस परेशानी का सामना करना पड़ेगा यह समझा जा सकता है.

## शहर की प्रमुख सड़कों की हालत खराब, धूल वाले गड्ढों में बारिश से कीचड़ मचा







### इन मंदिरों के रास्तों पर कीचड़ और गंदगी

नगर में प्रमुख मार्ग जो कि प्रवेश और मंदिरों के पहुंच वाले रास्ते हैं वहां अब तक की पहली और हल्की बारिश में ही कीचड़ और गंदे पानी का सोता भर गया है. अंजनीलाल मंदिर धाम तक जाने के लिए इंदौर नाके से ही कीचड़ शुरू हो जाता है जो कि जूना ब्यावरा और प्राचीन श्रीघाट वाले तिराहे से आगे बढ़कर बीड़ मंदिर और प्रवेश द्वार और तक हालत खराब है. इसी प्रकार चंपालालजी के बगीचे स्थित अतिप्राचीन शिवमंदिर पर शहर के सभी लोग पहुंचते है. यहां भी रास्ते की ढलान से लेकर परिसर के अंदर तक कीचड़ वाला रास्ता है. इसके अलावा जूना ब्यावरा क्षेत्र में रास्तों की यही हालत है.

### अस्पताल के प्रवेश द्वार की हालत खराब

नेशनल हाईवे से अस्पताल होते हुए शहर तक सड़क बनाई जा रही है. यह टुकड़ों में बन रही है. कहीं आरसीसी, कहीं डामर रोड़ है. सड़क का निर्माण पूर्ण नहीं है. डिवाईडर अभी बाकी है. अस्पताल से आगे सर्किट हाऊस के सामने भी डिवाईडर और संकेतक गायब है साथ ही हाईवे से लेकर अस्पताल की ओर आने वाला करीब 300 मीटर का टुकड़ा कच्चा पड़ा है. ग्रेवल और मिट्टी बहकर कीचड़ का रूप ले रही है. यहां से अंधेरे में यदि तेज गति वाहन और बाईक आमने सामने आ जाएं तो दुर्घटना होना तय है.

### बिना रैलिंग की पुलिया, गुजर रहे स्कूली वाहन

बीते दिनों जिला कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्र ने अमले को निर्देशित किया था जिसमें मिट्टी और कीचड़ तथा बिना रैलिंग वाली पुलियाओं से स्कूली वाहनों को गुजरने से रोकने के निर्देश दिए थे. लेकिन शहर के अस्पताल रोड़ की पुलिया जिसके निर्माण चर्चा महीनों से चल रही है वहां रैलिंग तक नहीं है. स्कूली वाहन यहां से गुजरते है. यदि कोई चूक हुई तो स्कूली बच्चों की जान सांसत में आ सकती है. नदी की गहराई जो कि दलदली है यहां से 15 फीट से ज्यादा है. बड़ी स्कूली बसों के साथ ही छोटे स्कूली वाहन जैसे ऑटो रिक्शा, मैजिक वाहन भी यहां से प्रतिदिन दो या तीन बार गुजरते है. ऐसे में समय रहते रैलिंग यहां लगानी होगी. बाढ़ में यह पुलिया डूब जाती है.

## एक नजर में



### स्वामी परमानंद गिरि महाराज का आगमन 7 को

**ब्यावरा 30 जुलाई, का.** धर्मनगरी ब्यावरा में आगामी 7 व 8 अगस्त को अध्यात्म का भव्य समागम होने जा रहा है. श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी, युगपुरुष महामण्डलेश्वर स्वामी श्री परमानंद गिरि जी महाराज एवं पूज्य स्वामी श्री ज्योतिर्मयानंद जी महाराज का ब्यावरा में पावन आगमन हो रहा है. संतों के इस प्रवास को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है. कार्यक्रम आयोजकों के अनुसार, पूज्य संतों का ब्यावरा आगमन 7 अगस्त शुक्रवार की शाम 4 बजे भोपाल बायपास स्थित अखंड परमधाम आश्रम पर होगा. इसके पश्चात अगले दिन, 8 अगस्त शनिवार को प्रातः 8 बजे से आश्रम परिसर में पादुका पूजन एवं अमृतमयी सत्संग का आयोजन किया जाएगा. आयोजन समिति एवं अखंड परमधाम आश्रम परिवार ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर पूज्य संतों के दर्शन, मार्गदर्शन व महाप्रसाद का लाभ उठाने की अपील की है.

### 11वीं के छात्र ने फांसी लगाई

**पचोर 30 जुलाई, सं.** समीपस्थ ग्राम उदनखेड़ी में 11वीं कक्षा के एक छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतक की पहचान 16 वर्षीय यशवर्धन शर्मा, पिता मनीष शर्मा, निवासी उदनखेड़ी के रूप में हुई है. वह 11वीं कक्षा का छात्र था और अपने दादा-दादी के साथ रहता था. परिजनों ने बताया कि मंगलवार रात करीब 11 बजे वह अपने कमरे में सोने चला गया था. बुधवार दोपहर करीब 12 .30 बजे पूजा के लिए घर के लोगों ने उसे आवाज लगाई, लेकिन काफी देर तक कोई जवाब नहीं मिला. संदेह होने पर उसके चाचा ने कमरे में झांककर देखा तो यशवर्धन फंदे पर लटका मिला.

### युवक ने लगाई फांसी

**ब्यावरा 30 जुलाई,का.** राजगढ़ की भंवर कॉलोनी में किराए से रह रहे एक युवक ने मंगलवार शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतक युवक लखन पुत्र मनोहर सिंह राव जीरापुर का निवासी है जो राजगढ़ में भंवर कॉलोनी में किराए से रहता था. मंगलवार की शाम को वह घर में अकेला था इसी दौरान उसने खुदकुशी का कदम उठाया. देर शाम अन्य लोगों के पहुंचने पर जब मृतक ने दरवाजा नहीं खोला तो दरवाजा तोडकर बाहर निकाल कर जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.



## अवैध देशी शराब के साथ स्विफ्ट कार जप्त

**ब्यावरा 30 जुलाई, का.** जिला पुलिस द्वारा नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत अवैध शराब का परिवहन करते 99 लीटर अवैध देशी शराब एवं दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 जुलाई को पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति स्विफ्ट कार से राजगढ़-करेड़ी रोड पर अवैध शराब का परिवहन कर रहे हैं. सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम द्वारा तत्काल मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी गई. कार्यवाही के दौरान दो आरोपियों को पकड़कर आरोपियों के कब्जे से देशी मदिरा शराब की 11 पेटी तथा परिवहन में प्रयुक्त एक स्विफ्ट कार जप्त की गई. कुल 6लाख 44 हजार का मशरूका जप्त किया गया. गिरफ्तार आरोपियों में सज्जन सिंह पिता प्रेम सिंह सौंधिया, उम्र 34 वर्ष, निवासी ग्राम पाडली, थाना भोजपुर, हेमराज पिता रतनलाल सौंधिया, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम हताईखेड़ा, थाना कोतवाली राजगढ़ शामिल है. पुलिस ने मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है.



## संत रविदास निष्काम भक्ति के महान प्रवर्तक थे : राज्यमंत्री

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 30 जुलाई, का. संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा, ब्यावरा मंडल द्वारा आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में प्रदेश शासन के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार ने सहभागिता कर संत श्री गुरु रविदास जी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया.**

इस अवसर पर मंत्री पंवार ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज केवल एक संत ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, समानता, मानवता और निष्काम भक्ति के महान प्रवर्तक थे. उन्होंने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि ईश्वर की कृपा पाने के लिए सच्ची श्रद्धा, सेवा और सद्कर्म ही सबसे बड़ा आधार हैं.

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार संतों एवं महापुरुषों की गौरवशाली विरासत को जन-जन तक पहुँचाने तथा सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है. संत गुरु रविदास जी के आदर्शों को आत्मसात कर ही हम समरस, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के संकल्प को साकार कर सकते हैं.

इस कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश गुर्जर, मंडल अध्यक्ष राजू यादव, मोर्चा मंडल अध्यक्ष गगन चौहान,मंडल महामंत्री दीपक सामरे, सुमित सोलंकी, विष्णु साहू, गोपाल जाटव, दिलीप भार्गव, सोनू जाटव, रामबाबू प्रजापति, अरविंद शर्मा, हरीश शाक्यवार, शंकर अहिरवार, ओम छाईया, बनवारी कुशवाह सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

### गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा का समापन

**सुठालिया 30 जुलाई, सं.** शास.कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुठालिया में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा का समापन किया गया. स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार विद्यार्थियों में नैतिक मूल्य, संस्कार और गुरु के प्रति सम्मान जागृत करने के लिए गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा 15 जुलाई से 29 जुलाई तक आयोजित किया गया. छात्राओं द्वारा अलग-अलग दिवसों में अलग-अलग प्रकार प्रकार के कार्यक्रम आयोजित गए. शुरुआत मां शारदे के चित्र पर विद्यालय प्राचार्य दिनेश कुमार धनगर एवं विद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाओं द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया. इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे.

## जनता की सेवा ही सबसे सर्वोच्च दायित्व है : मंत्री टेटवाल

सारंगपुर सेवा सदन कार्यालय में जनसुनवाई, जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 30 जुलाई, सं. मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने गुरुवार को सारंगपुर स्थित सेवा सदन कार्यालय में विधानसभा क्षेत्र के आमजन के साथ एक आत्मीय मुलाकात और जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

इस दौरान क्षेत्र के नागरिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं, शिकायतों और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों को प्रशासन के सामने रखा. मंत्री गौतम टेटवाल ने जनता की इन बातों को बेहद गंभीरतापूर्वक सुना और उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए.



इस अवसर पर बात रखते हुए राज्यमंत्री डॉ टेटवाल ने कहा कि जनता की सेवा ही सबसे सर्वोच्च दायित्व है. जनता से मिलने वाला अटूट विश्वास और स्नेह ही निरंतर समाज के प्रति पूरी निष्ठा से समर्पित होकर कार्य करने की असली प्रेरणा देता है. हमारा यह प्रयास है कि क्षेत्र के हर नागरिक की समस्या का समय पर समाधान हो सके ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक आसानी से पहुंच सके.

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी हुई शिकायतें मुख्य रूप से सामने आईं. अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे इन मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और तय समय-सीमा के भीतर समस्याओं का निपटारा कर आम जनता को राहत प्रदान करें. इस महत्वपूर्ण अवसर पर पढ़ाना मंडल अध्यक्ष शेखर शर्मा, जिला मंत्री मनोहर परमार, जनपद सदस्य राजेंद्र भीलाला, करण सिंह, अनिल, दिनेश भीलाला, मांगीलाल, राजेंद्र सहित क्षेत्र के कई प्रमुख लोग और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे.

## खेड़ापति हनुमान मंदिर पर हुई भजन संध्या




नवभारत न्यूज

**पडाना 30 जुलाई, सं. आषाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर नगर के प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर में बाबा का आकर्षक श्रृंगार कर विशेष सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम की शुरुआत विशेष श्रृंगार और आरती के साथ हुई. इसके बाद सुंदरकांड समिति के सदस्यों द्वारा भजन-गीतों के साथ सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया गया.इस अवसर पर मुख्य रूप से जुझार सिंह परमार, कैलाश सेन, खामसीह परमार,विपिन सक्सेना, राजेश डाबरा, कैलाश राठौड़, धीरज परमार, चंद्रेश सक्सेना सहित सुंदरकांड समिति के सदस्य उपस्थित रहे. समापन पर जसवंत सिंह परमार प्रहलाद परमार द्वारा विशेष पूजा-अर्चना की गई. इस दौरान मंदिर पुजारी के साथ मनोज शर्मा, योगेंद्र विकास परमार मोहन परमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण भी शामिल हुए और सुंदरकांड पाठ का वाचन कर पुण्य लाभ अर्जित किया.




## महाविद्यालय राजगढ़ में मनाया गुरुपूर्णिमा, सांदीपनि पर्व

गुरु का जीवन में अहम योगदान

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 30 जुलाई, का. गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर शासकीय आदर्श महाविद्यालय राजगढ़ में महर्षि सांदीपनि गुरुवंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ आर के शर्मा के साथ प्राचार्य डॉ. कल्पना शर्मा एवं प्रो कृष्णा नागर, प्रो. डॉ सुभाष कुमार दांगी एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा मां सरस्वती एवं महर्षि सांदीपनि का पूजन किया गया. तत्पश्चात सभागार में विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व करते हुए छात्रा इंशिफा मंजूर द्वारा सभी गुरुजनों का तिलक लगा कर अभिनंदन किया गया.

आमंत्रित अतिथि डॉ आरके शर्मा एवं वर्तमान वरिष्ठतम प्राध्यापक डॉ कृष्णा नागर को प्राचार्य डॉ कल्पना शर्मा, डॉ सुभाष कुमार दांगी, डॉ राजीव चौबे, डॉ सोनल अग्रवाल एवं डॉ एलिजा सिंह द्वारा सम्मानित किया. प्राचार्य डॉ शर्मा द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए कहा कि गुरु का जीवन में अहम योगदान होता है. डॉ कृष्ण नागर ने अपने वक्तव्य में अपने गुरुजनों को याद करते हुए अपने जीवन की समस्त उपलब्धियों को उन्हें समर्पित किया.

मुख्य अतिथि एवं पूर्व प्राचार्य डॉ आरके शर्मा ने भारत की गुरु परंपरा की महान विभूतियों को याद करते हुए, गुरु कृपा की प्राप्ति को जीवन की विलक्षण घटना बताते हुए गुरु के द्वारा जीवन के अंधकार को समाप्त करके ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करने की बात कही.

प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी महाविद्यालय में किया गया. कार्यक्रम का संचालन डॉ केशव शर्मा ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ रचना जैन द्वारा किया कया एवं कार्यक्रम में डॉ सूर्यकांत शर्मा, डॉ हरिसिंह मीणा, श्रीमती सुनीता हिंगे,जय सहित विद्यार्थी मौजूद रहे.

### राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पौधारोपण किया

**सुठालिया 30 जुलाई, सं.** महाविद्यालय सुठालिया में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में पौधारोपण एवं महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया. शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एएस लहरिया के मार्गदर्शन में हुआ. उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल गुरु के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का स्मरण कराने का भी अवसर है. इस अवसर पर परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया. कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारीगण शमशाद बेग, डॉ. दीपा चौरसिया, डॉ. मुकेश बंशीवाल, डॉ. खालिद अल्ताफ शेख, डॉ. संतोष साहू, डॉ. गिरवर पांडव, श्रीमती पूजा यादव, प्रवेश कुशवाह, उमेश सेन, अनिरुद्ध सिंह कुशवाह तथा दशरथ गुर्जर सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

**नवाचार** बीते दिनों पंचायतों में कार्यदिवस में भी ताले मिलने पर जिला पंचायत सीईओ ने दिए निर्देश

## अब हर मंगलवार, गुरुवार को ग्राम पंचायतों में होगी जनसुनवाई

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 30 जुलाई, का. राजगढ़ जिले की ग्राम पंचायतों में अब लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. इच्छित गढ़पाले ने जिले की सभी 622 ग्राम पंचायतों के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं. निर्देश के अनुसार अब हर मंगलवार और गुरुवार को ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, उपयंत्री सहित अन्य जिम्मेदार कर्मचारियों को पंचायत कार्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा. इन दिनों आम नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पंचायत पहुंच सकेंगे और उनका समय पर निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा.**




गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही जिला पंचायत सीईओ ने लापरवाही बरतने के मामले में 7 ग्राम पंचायतों के सचिव, ग्राम रोजगार सहायकों और उपयंत्रियों पर कार्रवाई की थी। इसके बाद यह नया आदेश साफ संकेत देता है कि अब पंचायत स्तर पर कामकाज में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी. प्रशासन का उद्देश्य है कि ग्रामीणों को बार-बार पंचायत के चक्कर न लगाने पड़ें और सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिले. अब देखना होगा कि इस आदेश का जमीनी स्तर पर कितना पालन होता है और क्या इससे ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान तेज़ी से हो पाता है.

### केवल पंचायत नहीं, समाधान भी मिले

ग्रामीण अंचल में प्रशासनिक व्यस्थाओं को दुरुस्त रखने और लोगों को सुविधाएं सुलभ हो इसके लिए जिला पंचायत सीईओ ने बीते दिनों कईं नवाचार किए है. यह नवाचार भी इसी में शामिल है. लेकिन प्रति मंगलवार और गुरूवार केवल पंचायत लगने तक सीमित ना रहे. स्थानीय स्वायत्त शासन व्यवस्था में ग्रामीणों को अपनी समस्याओं को स्थानीय स्तर पर समाधान भी मिलना चाहिए. कईं बार पंचायतों में केवल औपचारिकताएं पूर्ण की जाती है. इसी का नतीजा है कि जिला कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को स्थानीय समस्याओं पर भी ग्रामीण राजगढ़ पहुंच जाते है. ऐसे में प्रशासन का समय भी बर्बाद होता है और ग्रामीणों की समस्याएं हल नहीं हो पाती. ग्रामीणों को पंचायतों से मिलने वाली सुविधाओं और शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान मिलना चाहिए.